हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

12 दिसंबर तक चलेगा आवारा पशु पुनर्वास महाअभियान



12 महापरिनिर्वाण दिवस पर 50 युवाओं ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### सीआईए ने किए नौ सट्टेबाज गिरफ्तार

**करनाल।** जिले में सट्टे का खेल अब भी जारी है। घरौंडा में हुई बड़ी कार्रवाई के बावजूद विभिन्न स्थानों पर यह खेल चल रहा है। मंगलवार देर रात सीआईए-3 की टीम ने रामनगर में दबिश दी और सट्टा खेलते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के पास से 1.23 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। करीब ढाई महीने पहले घरौंडा में सीएम फ्लाइंग टीम ने देर रात छापा मारकर 55 सट्टेबाजों को काबू किया था, जिनसे लगभग 12 लाख रुपये बरामद किए गए थे। उस मामले में सामने आया था कि पुलिस की मिलीभगत से यह सट्टा रिंकू चला रहा था। रिंकू को हाई कोर्ट से जमानत मिली थी, इसलिए पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई थी।

### सूरज नगर में पिता ने फंदा लगाकर दी जान

**करनाल।** सूरज नगर में 40 वर्षीय व्यक्ति नाथीराम ने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। दस साल पहले इसी पंखे पर उसकी पत्नी ने भी आत्महत्या की थी। सेक्टर 32 थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम को बुलाया और मृतक की जेब से सुसाइड नोट बरामद किया। इसमें एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। स्वजनों ने बताया कि वह रात को अपने बच्चों के साथ भाई के घर गया था और सुबह घर लौटने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के तीन बच्चे हैं, दो बेटियां और एक बेटा। "मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर स्वजनों को सौंप दिया गया है।

### अवैध हथियार केस में आरोपी पकडा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लाई के आरोपी साहिल उर्फ माइकल निवासी गांव सुनेहटी जिला बागपत, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि साहिल ने सादिक निवासी गांव रठोडा जिला बागपत हाल निवासी जन्नत कॉलोनी कांधला जिला शामली, उत्तर प्रदेश को 2 देसी पिस्तौल व छह जिंदा करतूस खरीदे थे। इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में केस दर्ज है।

### पूर्व डीएसपी के बेटे ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 17 में निवास कर रहे बॉस्केटबॉल के राष्ट्रीय स्तरीय पूर्व खिलाडी व पूर्व डीएसपी राम गोविंद हुड्डा के 47 वर्षीय पुत्र संदीप ने शुक्रवार की सुबह अपने घर के कमरे में अपनी लाइनेंसी रिवाल्वर से अपने सिर में गोली मार कर हत्या कर ली। वहीं हुड्डा परिवार घटना के समय हर रोज की तरह पार्क में सैर करने के लिए गया था। इधर, सफाई आदि के लिए सुबह मेड घर पहुंची तो उसने संदीप के कमरे में यहा खून फैला था और संदी फर्श पर पडा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। इधर, पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि संदीप डिप्रेशन में था।

## कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का समापन

# ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन कर शिल्पकार धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र से हुए रुखसत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 ने राष्ट्र ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक पहचान बना ली है। इस महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के अंतिम दिन शिल्पकार और कलाकार रुखसत होने से पहले अपने स्टॉलों और घाटों पर पर्यटकों गर्मजोशी के साथ स्वागत करते नजर आए।

- महोत्सव के आखिरी दिन पर्यटकों ने जमकर की खरीदारी

रुखसत होने से पहले ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन कर पर्यटकों से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 में फिर से मिलने का वादा किया। यह महोत्सव पूर्ण सुरक्षा और व्यवस्था के बीच सफल आयोजन के साथ सम्पन्न हुआ। अहम पहलू यह है कि आगामी वर्ष में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 में संभावित 20 दिसंबर 2026 के दिन दीपदान कार्यक्रम होगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 को यादगार और सफल बनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों और शहर का आम नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। सभी के साझे प्रयासों से यह महोत्सव सफलता पूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। अब इस महोत्सव ने लोगों के दिलों में अपनी स्थाई पहचान बना ली है। इस महोत्सव में यह देखने को मिला कि हरियाणा ही नहीं देश के कोने-कोने से लोग शिल्पकला का दीदार करने के लिए पहुंचे है। सोशल साइट्स के जरिए इस महोत्सव की झलकियां को दुनिया के कोने-कोने में बैठकर लोगों ने देखा है। इस महोत्सव का लाखों लोगों ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का विधिवत समापन हुआ। महोत्सव में आए शिल्पकार अगले साल फिर से आने का वादा कर रुखसत हुए। इस उत्सव में देश व प्रदेश के कोने-कोने से सांस्कृतिक कलाकारों व शिल्पकारों ने भाग लिया। पर्यटकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया। ठंड का मौसम होने के बावजूद रोजाना पर्यटकों व श्रद्धालुओं ने इस महोत्सव में आकर जमकर खरीददारी की। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश के लाखों पर्यटकों व श्रद्धालुओं ने शिरकत की है।



### हजारों कलाकारों ने दिखाए कला के रंग

*गीता महोत्सव में पार्टनर स्टेट मध्य प्रदेश के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने मुख्य मंच, हरियाणा व मध्य प्रदेश पवेलियन, सांस्कृतिक संध्या, ब्रह्मसरोवर के घाटों पर रोजाना सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत कर पर्यटकों का मनोरंजन किया। 48 कोस के 182 तीर्थों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों व जिला स्तरीय कार्यक्रमों में भी अपनी प्रस्तुति दी है। वहीं मुख्य पंडाल में सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रसिद्ध अभिनेत्री पदमनी कोल्हापुरे, महाभारत में दुर्योधन का किरदार निभाने वाले पुनित इस्सर, भजन गायक अनूप जलोटा, सूफी गायक कंवर ग्रेवाल, सुरेश वाडेकर आदि ने अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। हरियाणा व मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के झरोखों को भी देखने का सुनहरी अवसर मिला।*

## पसमीना की कानी शॉल तैयार करने में लगते हैं 5 से 6 साल



कश्मीर के शिल्पकार शौकत को उच्च गुणवत्ता की पसमीना की कानी शाल को बनाने में 5 से 6 साल का समय लग जाता है। इस कानी शाल की कीमत लगभग 5 लाख रुपए के आस-पास तय की जाती है। इस कानी शाल को वैरायटी के हिसाब से 5 या 6 माह में भी तैयार किया जा सकता है। अहम पहलु यह है कि शिल्पकार शौकत के साथ-साथ आसिफ, सज्जाद व परिवार के अन्य सदस्य भी इस शिल्पकला में लगा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में शिल्पकार शौकत को एनजैडसीसी की तरफ से स्टाल नम्बर 771 अलॉट किया है। इस स्टॉल पर शिल्पकार शौकत ने कानी शाल, लोई, कम्बल, सूट, फैरन आदि उत्पादों को कुरुक्षेत्र और आस-पास के पर्यटकों के लिए रखा है। इस महोत्सव में सालों से पर्यटकों की कानी शाल की पेशकस को पूरा करने का प्रयास कर रहे है। यहां महोत्सव में आने के लिए हमेशा उत्साहित रहते है। उन्होंने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पुस्तों से उनका परिवार कानी शाल बनाने का काम कर रहा है। इस महोत्सव में पसमीना की कानी शाल जिसकी कीमत 1 हजार रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक है, लेकर आए है। अगर सही मायने में पसमीना की कानी शाली की बात करे तो उच्च गुणवत्ता की पसमीना कानी शाल बनाने में 5 से 6 साल का समय लग जाता है।

### मीडिया, समाजसेवी संस्थाओं व अधिकारियों का आभार

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के सफल आयोजन पर सभी पत्रकार व छायाकार, समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं, शहर वासियों और अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तमाम लोगों के संयुक्त प्रयास से ही 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चला यह महोत्सव सफल रहा और इस महोत्सव की गूंज देश-विदेश के कोने-कोने तक सुनाई दी।

# झगड़े में लगी चोटों के कारण रिटायर्ड फौजी के बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया हत्या का केस दर्ज

गांव तलाकौर में देर शाम हुए झगड़े में चोटें लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव के ही सुखजीत उर्फ डिम्पल पर हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

गांव तलाकौर निवासी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि वह आर्मी फोर्स से रिटायर्ड है। उसके पास 4 लड़के थे। तीन लड़कों की बीमारी के कारण मृत्यु हो चुकी है। उसका 40 वर्षीय बेटा अवतार सिंह अभी कुंवारा था और गांव में ही खेती बाड़ी का काम करता था। 4 दिसम्बर को दोपहर किरपान लेकर उनके घर पर आया। आरोपी ने आते ही उसके बेटे अवतार पर हमला कर दिया। हमले में किरपान उसके बेटे के दायने पट पर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। वह अपने बेटे अवतार को अस्पताल लेकर पहुंचा।

डाक्टरों ने अवतार को इलाज के बाद घर भेज दिया था। उसका लड़का अपने कमरे में सो गया। जब वह सुबह उठे तो उन्होंने लड़के को आवाज लगाई, लेकिन उसने कोई उत्तर नहीं दिया। परिजन उसे फिर से अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा

हादसे की सूचना मिलते ही थाना छप्पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुखजीत द्वारा किए गए हमले में लगी चोटों के कारण अवतार की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कार ड्राइवर 18.75 लाख रुपये लेकर हुआ फरार

**यमुनानगर।** थाना फर्कपुर क्षेत्र में कार ड्राइवर पर मालिक ने 18 लाख 75 हजार रुपये लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाया है। साथ ही ड्राइवर पर मामले को छिपाने के लिए एक्सीडेंट का नाटक करने का भी आरोप है। पुलिस ने कार मालिक कुरुक्षेत्र के सेक्टर 9 लोटस ग्रीन सिटी निवासी सुशील कुमार की शिकायत पर ड्राइवर कृष्ण कुमार पर केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

सुशील कुमार ने बताया कि उसका ड्राइवर मथाना गांव निवासी कृष्ण पांच साल से उसके पास नौकरी कर रहा था। 30 नवंबर को उसने ड्राइवर को अपनी कार और 18.75 लाख रुपये यमुनानगर में अपने दोस्त को देने के लिए भेजा था। राशि में से 18.50 लाख एक पैकेट में रखकर ड्राइवर सीट के नीचे रखे गए थे जबकि 25 हजार रुपये ड्राइवर को जेब में दिए गए थे।

# गैस रिसाव पर मॉक ड्रिल ऑपरेशन

- राजस्व विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य टीम और एनडीआरएफ ने किया संयुक्त अभ्यास, कमियां उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ ने अमोनिया गैस रिसाव की स्थिति से निपटने के लिए बड़ा मॉक ड्रिल ऑपरेशन आयोजित किया। अभ्यास के दौरान गैस ले जा रहे टैंकर से रिसाव की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, आपदा टीम और एनडीआरएफ ने तुरंत मौके पर पहुंचकर संयुक्त कार्रवाई की।

पुलिस ने प्रभावित क्षेत्र को घेरकर सुरक्षा संभाली, जबकि एनडीआरएफ और फायर टीम ने अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। स्वास्थ्य विभाग ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजा। एनडीआरएफ के अनिल रणवा ने बताया कि मॉक ड्रिल सफल रही, लेकिन कुछ कमियों की पहचान भी हुई। उन्होंने कहा "केमिकल दुर्घटनाओं में तेज़ प्रतिक्रिया जरूरी है, पर उससे अधिक जरूरी है सही उपकरण और तैयार एक्शन प्लान।"




उन्होंने स्पष्ट किया कि फायर विभाग के पास मास्क और वॉटर कर्टन सिस्टम नहीं थे, जबकि ऐसे हादसों में ये उपकरण अनिवार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि केमिकल गैसों में आंखों में जलन, सांस लेने की दिक्कत और त्वचा पर प्रतिक्रिया जैसी समस्याएँ तुरंत उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए बचाव दल को पूर्ण सुरक्षा उपकरणों के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए।

हवा की दिशा, गैस की मात्रा और रिसाव की गति का सही आकलन भी बचाव दल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया।

### खेल जीवन का अभिन्न अंग : गुप्ता

**कैथल।** महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम, कैथल में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के मुख्यातिथि समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता रहे। गुप्ता ने कहा कि लोकप्रिय एवं दूरदर्शी सांसद माननीय नवीन जिंदल द्वारा युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने और बड़े मंच उपलब्ध कराने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। सांसद ने हमेशा खेल ढांचे को मजबूत करने, खिलाड़ियों को अवसर देने और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा जगाने का काम किया है। उनकी इस अभूतपूर्व पहल ने पूरे क्षेत्र में खेलों के प्रति एक नई जागरूकता और उत्साह का संचार किया है। दो करोड़ रुपये की सहयोग राशि को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों में वितरित किए जाने की घोषणा ने युवाओं में उत्साह की नई लहर पैदा की है। यह प्रोत्साहन निश्चित रूप से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को सफल, व्यवस्थित और आकर्षक बनाने में कैथल जिंदल हाउस प्रभारी रविंद्र धीमान का योगदान अनुकरणीय रहा। उनकी मेहनत, समर्पण और सूझबूझ भरी कार्यशैली के कारण यह आयोजन पूर्णतः सफल रहा।

### शराब के दो तस्कर पकडे

**पानीपत।** पानीपत पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 पुलिस की टीम ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत गश्त के दौरान पहचान राजेश उर्फ राजू पुत्र रामकुमार निवासी बबैल को अपनी दुकान पर व थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम ने काबड़ी रोड कालू पीर कॉलोनी निवासी रमेश पुत्र चंद्रभान को अपने घर के बाहर अवैध रूप से शराब बेचते पकडा है। इन पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें

**कैथल।** एडीसी कम सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर को गंभीरता से लें और नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटान सुनिश्चित करें। किसी भी शिकायत के निपटान में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने आगामी सात दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरे के चलते सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे बिना अनुमति के अपना स्टेशन न छोड़े। एडीसी सुरेश राविश शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश जारी कर रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों की उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। एडीसी ने बताया कि जिले में 15 शिकायतें लंबित हैं, इनमें बिजली विभाग और क्रीड़ (परिवार पहचान पत्र) विभाग से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक है। इन दोनों विभागों को विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने और शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित

**कलायत।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में जागो सारा देश लक्ष्य को लेकर कलायत शहर में वार्ड एक से संघ की टीम द्वारा प्रत्येक परिवार से संपर्क साधने का अभियान शुरू किया है। आरएसएस कार्यकर्ताओं की टीम प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर संवाद स्थापित कर रही है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पांच प्रमुख मंत्र दिए जा रहे हैं। इसमें परिवार में संस्कार और सामंजस्य बढ़ाने के लिए कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, व पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। संघ की तरफ से हरीश गर्ग, मुकेश कुमार, अमित वाल्मीकि, प्रवीण कांसल सहित अन्य स्वयंसेवकों ने श्री रैदास कालोनी में वार्ड नंबर एक पार्षद कुमारी रेणु धानियां की मौजूदगी में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों से बातचीत की। परिवार के सदस्यों की जानकारी ली। उन्हें समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने को प्रेरित किया।

## गुमशुदा पति के मामले की शिकायत लेकर अनिल विज के दरबार में पहुंची पीड़िता

# महिला को धमकाने वाले पुलिस अधिकारी को फटकारा

- मंत्री विज बोले, सीधा हो जा नहीं तो मैं इसको सीधा करूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महिला को थाने में बंद करने वाले पुलिस अधिकारी को कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने थाना अध्यक्ष को कॉल किया और कहा कि आपका पुलिसकर्मी महिला को अंदर करने की धमकी दे रहा है, वह शिकायतकर्ता महिला को अंदर करने वाला कौन होता है। इसने कैसे कह दिया कि अंदर कर दूंगा। विज ने चेतावनी देते हुए कहा कि इसको बोल दो कि सीधा हो जा नहीं तो मैं इसको सीधा करूंगा। सूई की नोक में बल होगा लेकिन इसमें बल नहीं रहेगा। कुछ दिन पहले ही मंत्री विज ने रेप पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं होने पर कैथल एसपी उपासना को भी फटकार लगाई थी। युवती ने आरोपी की ओर से मिल रही धमकियों के स्क्रीनशॉट भी मंत्री दिखाए थे। इस फटकार के तुरंत बाद मामले में केस दर्ज किया गया था।



**अंबाला।** खिलाड़ी अंजली को मेडल पहनाते मंत्री अनिल विज।

महेशनगर के पंचदेव मंदिर के नजदीक किराए पर रहने वाली महिला मीनाक्षी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में विकास से हुई थी। उनका एक लड़का और एक लड़की है। उसका पति जोमेटो कंपनी में डिलीवरी का काम करता है। 22 सितंबर की सुबह 8 बजे घर से काम पर गया था लेकिन वह शाम तक भी घर नहीं लौटा। अपने तौर पर उसने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया था। जब पति का सुराग नहीं लगा तो उसने थाने में महेशनगर थाने में शिकायत दी था। मामले की जांच एचसी राजेश कुमार को सौंपी गई है। आरोप है कि तीन माह से ज्यादा हो गए लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि थाने वालों ने उसे ही हवालात में डालने की धमकी दे दी। इसके बाद वह कैबिनेट मंत्री अनिल विज के दरबार में पहुंची और पुलिसकर्मियों द्वारा किए बर्ताव की शिकायत की।

### अंजली को मिला सिल्वर मेडल

*अंबाला। छावनी में बस स्टैंड के पास चाय की दुकान पर काम करने वाले राजकुमार की बेटी अंजलि ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। खिलाड़ी ने परिवार सहित हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से आर्शीवाद लिया। मंत्री अनिल विज ने खिलाड़ी को मेडल पहनाते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। खिलाड़ी अंजलि ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज से मिलकर आशीर्वाद लेने का मौका मिला।*

# हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव नागल पट्टी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 42 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात पीएसआई आशीष कुमार ने बताया कि वह वीरवार शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव



नागल पट्टी निवासी सलीम नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। वह इस समय नशीला पदार्थ बेचने के लिए गांव में पीर की मजार के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 21 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### डिस्टेंस एजुकेशन में इग्नू ने रचा नया इतिहास

**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) को गर्व है कि वाइस-चांसलर प्रो. उमा कांजीलाल को डिस्टेंस एजुकेशन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित प्रो. जी. राम रेड्डी अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 4 दिसंबर को बीआर अम्बेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. घंटा चक्रपाणि द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड प्रो. कांजीलाल के ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) में नवाचार, तकनीकी आधारित शिक्षा के विस्तार और एनईपी 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के प्रयासों की पहचान है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले किया जागरूक

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के निर्देशन में शुक्रवार को कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि 13 दिसंबर को जिला न्यायालय, इन्द्री, असंध और घरौंडा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसी क्रम में दयाल सिंह कॉलेज के पास ट्रैफिक पुलिस के साथ चालान ड्राइव आयोजित की गई। इसमें ट्रैफिक इंस्पेक्टर रोश लाल, एएसआई बरहम पाल, जोगा सिंह, सतबीर सिंह, एसपीओ संजीव, बलराम सिंह व टीम के सदस्य सुभाष, रणधीर, सनोज ने लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया।

### पिहोवा विधानसभा में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

**पिहोवा।** पिहोवा विधानसभा में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज हो रही है और क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी भागों में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दी जा रही है और इसी कड़ी में विभिन्न परियोजनाएं तेजी से धरातल पर उतारी जा रही हैं। पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पहली बार पिहोवा रैली में पहुंचकर जिस सौगात की घोषणा की थी, वह अब पूरी ईमानदारी और तत्परता से लागू की जा रही है।

### स्तोत्र गायन प्रतियोगिता में अनुष्का शर्मा रही प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्विधालय स्पर्धा के तहत स्तोत्र गायन प्रतियोगिता में अनुष्का शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जोकि महाराणा प्रताप स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा है। प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे ज्यादातर छात्रों ने गीता श्लोक पाठ सुनाया वहीं अनुष्का ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र सुनाया जिसमे उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने सारथी टीम के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय तथा अक्षरधाम मंदिर का प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण किया। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह ने बताया की इस यात्रा ने स्कूल विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास, विरासत और संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान किया।

### 6 से शुरू होगा नशा जागरुकता अभियान

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत एक अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ 6 दिसंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया जाएगा। डीएलएसए कुरुक्षेत्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 6 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक नशा मुक्त हरियाणा मिशन के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# कौटिल्य पंडित ने ऑक्सफोर्ड यूनियन डिबेट में पक्षपात के आरोप लगाए

- कोहंड गांव के कौटिल्य पंडित ने उठाए निष्पक्षता पर सवाल
- भारतीय वक्ताओं को मंच से दूर रखने की प्रक्रियागत खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



ऑक्सफोर्ड यूनियन में भारत–पाकिस्तान मिलिट्री पॉलिसी पर आयोजित डिबेट के दौरान निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। करनाल जिले के कोहांड गांव के प्रतिभाशाली छात्र कौटिल्य पंडित, जो वर्तमान में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत हैं, ने इस पूरे आयोजन में पक्षपातपूर्ण रवैये की ओर ध्यान आकर्षित किया है। डिबेट के दौरान कौटिल्य को फ्लोर स्पीकर के रूप में केवल दो मिनट का समय दिया गया, लेकिन इतने समय में भी उन्होंने भारत का पक्ष मजबूती से रखा। वे भारतीय सांस्कृतिक परिधान—कुर्ता-पायजामा और कंधे पर चादर—में मंच पर पहुंचे, जिसकी सोशल मीडिया पर विशेष सराहना हो रही है।

**कौटिल्य की दो मिनट की स्पीच ने जीता दिल:** हालांकि समय बेहद कम था, कौटिल्य ने अपनी दो मिनट की प्रस्तुति में भारतीय पक्ष को मजबूती के साथ रखा। घटना के बाद फेसबुक पर उनकी पोस्ट वायरल हो गई है, जिसे हजारों लोग सराह रहे हैं। लोगों ने कहा है कि कौटिल्य ने कम उम्र में भी तथ्य, तर्क और आत्मविश्वास के साथ भारत का प्रतिनिधित्व कर गर्व महसूस कराया है। सोशल मीडिया पर बहस जारी—यूनियन पर दबाव बढ़ा कौटिल्य द्वारा उठाए प्रश्नों के बाद सोशल मीडिया पर ऑक्सफोर्ड यूनियन की तटस्थता को लेकर बहस तेज हो गई है। कई प्रसिद्ध वक्ताओं ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए पारदर्शिता को लेकर चिंता व्यक्त की है।

## डिबेट का शीर्षक ही पक्षपातपूर्ण था: कौटिल्य

कौटिल्य के पिता सतीश शर्मा के अनुसार, कौटिल्य ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि डिबेट का शीर्षक अपने आप में एकतरफा था। डिबेट का विषय था द हाउस बिलीव्स दैट इंडिया'ज़ रिस्पॉन्स टू पाकिस्तान इज़ अ पॉपुलिस्ट स्ट्रैटेजी सोल्ड ऐज़ सिक्योरिटी पॉलिसी। उनके अनुसार शीर्षक की भाषा ही संकेत दे रही थी कि बहस किस दिशा की ओर झुक सकती है। कौटिल्य ने यह भी बताया कि यूनियन के वर्तमान अध्यक्ष पाकिस्तान के रक्षा उत्पादन मंत्री के पुत्र हैं। उन्होंने कहा किसी की निजी पृष्ठभूमि समस्या नहीं, पर ऐसी स्थिति संस्थान की तटस्थता पर सवाल खड़े करती है। डिबेट की प्रक्रिया में अनियमितताएँ—भारतीय वक्ता मंच तक नहीं पहुँच पाए कौटिल्य ने कहा कि इस पूरे आयोजन में कई प्रक्रियागत कमियां सामने आईं। भारत से आमंत्रित प्रमुख वक्ताओं की भागीदारी को अंतिम समय तक अनिश्चित रखा गया। उन्हें बार-बार बताया गया कि आ सकते हैं या नहीं भी। इसी कारण वे मंच तक पहुँचे ही नहीं। इसके विपरीत, पाकिस्तानी हाई कमीशन की ओर से ट्वीट कर भारतीय वक्ताओं की /"मौजूदगी/" को हाईलाइट किया गया, जबकि वास्तविकता बिल्कुल उलट थी।

### सोशल मीडिया पर उजागर किया

इस विसंगति को भारतीय विश्लेषक जे सई ने भी सोशल मीडिया पर उजागर किया, जिसकी व्यापक चर्चा हो रही है। यूनियन की तटस्थता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न कई छात्रों का मानना है कि इस तरह की खामियां न केवल यूनियन की निष्पक्ष छवि को नुकसान पहुँचाती हैं। कौटिल्य ने कहा कि दुनिया की सबसे सम्मानित डिबेटिंग सोसाइटी होने के बावजूद, इस आयोजन की पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। उम्मीद है कि भविष्य में निष्पक्षता को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अनेक छात्र इन परिस्थितियों को देखकर निराश हैं, क्योंकि यूनियन की पहचान हमेशा खुले विचार-विमर्श और स्वतंत्र अभिव्यक्ति की परंपरा पर आधारित रही है।

## इन्फिनिटी पब्लिक स्कूल काछवा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# जूनियर रेडक्रॉस शिविर में बच्चों में जगाई मानवता व सेवा की भावना

चेयरमैन एसएसआर ग्रुप काछवा, ने छात्रों में संवेदनशीलता व सामाजिक जवाबदेही को बढ़ावा देने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



भारतीय रेडक्रॉस समिति, जिला शाखा करनाल द्वारा इन्फिनिटी पब्लिक स्कूल काछवा में आयोजित पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा, नेतृत्व व मानवीय मूल्यों की गहरी समझ विकसित हुई। शिविर की शुरुआत प्रतिदिन ध्वजारोहण व रेडक्रॉस फ्लैग सॉन्ग से होती थी।

कैंप निदेशक राजपाल चौधरी ने नेत्रदान व अंगदान पर प्रेरक व्याख्यान देते हुए कहा कि एक दाता आठ लोगों की जिंदगी बचा सकता है। विशिष्ट अतिथि अश्वनी भारद्वाज, चेयरमैन एसएसआर ग्रुप काछवा, ने छात्रों में संवेदनशीलता व सामाजिक जवाबदेही को बढ़ावा देने पर जोर दिया। स्कूल प्राचार्य रुपिंदर कौर ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज की मूलभूत आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों से जोड़ते हैं। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में डॉ. उर्वशी भारद्वाज, डॉ. निश्चय भारद्वाज सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में एथलेटिक्स मीट में उमड़ा जोश

- किंडरगार्टन से बारहवीं तक विद्यार्थियों ने दौड़, कूद, रस्साकशी व अनेक खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मधुबन/करनाल

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित वार्षिक एथलेटिक्स मीट उत्साह, रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरी रही। किंडरगार्टन सेक्शन के लिए गुब्बारे फोड़ो रेस, गुब्बारा संतुलन रेस, चम्मच-नींबू दौड़, सैक एंड रन चैलेंज, पिक एंड ड्रॉप बॉल रेस जैसी रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वहीं, खरगोश दौड़, कैप एंड गॉगल रेस, पेयर रेस जैसे आकर्षक इवेंट भी बच्चों का मन मोह गए। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने 100, 200, 400 व 600 मीटर दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद और रस्साकशी जैसे मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन किया। लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में हाउस प्रतिस्पर्धा बेहद रोमांचक रही। विद्यालय स्टाफ और सभी हाउस के शिक्षक व विद्यार्थी अधिक से अधिक मेडल जीतने के लिए पूरे जोश के साथ मैदान में उतरे। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष तिवारी ने कहा कि ऐसी खेल गतिविधियाँ छात्रों की शारीरिक क्षमता, नेतृत्व, टीम वर्क और खेल भावना को मजबूत बनाती हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरित किए गए।



### भकियू की बैठक में उठीं कई समस्याएं

**घरौंडा।** भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक गांव गुढ़ा में किसान नेता टेक सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें किसानो की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह ने हिस्सा लिया। किसानो ने बैठक में सरकार के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि सरकार किसानो की मांगों की ओर ध्यान नहीं दे रही। जिससे किसानो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और किसान कर्ज के बोझ के नीचे दब रहा है। किसानो ने बताया कि सरकार ने किसानो की मांगों पर विचार करना चाहिए ताकि किसान खुशहाल हो सके। शुक्रवार को गांव गुढ़ा में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह ने कहा है किसानो को फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के ट्रांसफार्मरो की कैप्स्टी कम है कैपेसिटी को बढ़ाया जाए। किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए, क्योंकि किसानों को आज तक लागत के आधार पर मूल्य नहीं मिले और आगे का कर्ज बिना ब्याज का दिया जाए। बैठक में टेकचंद बलवीर सिंह, भीम सिंह, जसवंत सिंह, प्रेम सिंह, बालकृष्ण, महेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, बलवान सिंह, राजपाल सिंह।

### आध्यात्मिक समाधान कार्यक्रम 7 को



**घरौंडा।** सांसारिक समस्याएं,आध्यात्मिक समाधान कार्यक्रम का आयोजन 7 दिसम्बर रविवार को ब्रह्मकुमारीज की ओर से नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे वहीं एसडीएम राजेश सोनी व समाजसेवी सुशील गर्ग भी सम्माननीय अतिथि के रूप के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। ब्रह्मकुमारीज की बीके रेनू बहन ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोगा बीके सूरज भाई मुख्य ज्ञान की वर्षा करेंगे, और कार्यकर्म की मुख्य वक्ता राज्योंगनी बी के गीता दीदी मॉऊट आबू से आ रही हैं, बीके रेनू बहन ने बताया कि सांसारिक समस्याएं, आध्यात्मिक समाधान कार्यक्रम जो आयोजन किया जा रहा है वह मनुष्य के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगा।

# कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए हुआ प्रबंधकीय कौशल प्रशिक्षण

- नीलोखेड़ी में पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कौशल विकास, नेतृत्व, संचार व संसाधन प्रबंधन पर विशेषज्ञों के सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नीलोखेड़ी/करनाल



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में चल रहा पाँच दिवसीय प्रशिक्षण “प्रभावी विस्तार गतिविधियों के लिए प्रबंधकीय कौशल” शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, ऐसे में विस्तार अधिकारियों को समय प्रबंधन, टीम वर्क, संवाद क्षमता और संसाधनों के समुचित उपयोग में दक्ष होना आवश्यक है। कार्यक्रम समन्वयक डा. अनिल कुमार रोहिला ने बताया कि हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और झारखंड से आए विस्तार अधिकारियों को नेतृत्व, तकनीकी प्रबंधन, फेक समाचार पहचान, सोशल मीडिया उपयोग तथा प्रभावी संचार पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को भारतीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान, करनाल का भ्रमण भी करवाया गया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह में डा. सत्यकाम मलिक, डा. अजय कुमार सहित संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### 8 से असंध चीनी मिल में गन्ना पिराई शुरू

**असंध/करनाल।** असंध चीनी मिल का 18वां गन्ना पिराई सत्र 2025–26 आगामी 8 दिसंबर को विधिवत रूप से शुरू होगा। यह जानकारी मिल के महाप्रबंधक सिद्धार्थ दहिया ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र का शुभारंभ हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस अवसर पर असंध विधायक योगेंद्र राणा और हैफेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार भी उपस्थित रहेंगे। महाप्रबंधक दहिया ने कहा कि मिल ने सभी तकनीकी व संचालन संबंधी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बेहतर रिकवरी और उच्च उत्पादन स्तर हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि मिल प्रबंधन उनके हितों को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी व सुचारु पिराई सुनिश्चित करेगा।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर करनाल में वीरों के सम्मान में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



भारतीय सशस्त्र सेनाओं के शौर्य, पराक्रम और त्याग को नमन करने का पावन दिवस सशस्त्र सेना झंडा दिवस करनाल में गरिमा और गर्व के साथ मनाया गया। उपायुक्त उत्तम सिंह ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सैनिक एवं अर्ध-सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा व उनकी टीम द्वारा गौरव का प्रतीक झंडा लगवाया और सभी को झंडा दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

कर्नल ओपी शर्मा व टीम ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष अजय कुमार शारदा, सीटीएम मोनिका शर्मा सहित अनेक अधिकारियों को भी झंडा लगाया। ओपी शर्मा टीम ने उपायुक्त उत्तम सिंह के आवास पर जाकर उनके पिताजी को भी सम्मानपूर्वक झंडा लगाया। इस अवसर पर उपायुक्त उत्तम सिंह भावुक हुए और कहा—

“1962, 1965, 1971, कारगिल से लेकर गलवान घाटी तक—हर बार हमारे वीरों ने चरम साहस और देशभक्ति का परिचय दिया है। चाहे युद्ध हो या प्राकृतिक आपदा, हमारे जवान हर परिस्थिति में देशवासियों की जीवन रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। इस अवसर पर कल्याण व्यवस्थापक अनिल कुमार कथूरिया, मुकेश कुमार, प्रवीण, रमेश, कुलदीप व पवन मलिक सहित स्टाफ मौजूद रहा।

उपायुक्त ने सभी से अपील की आइए, संकल्प लें कि वीरों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाने देंगे और उनके परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बनाए रखेंगे।”

# नशे के खिलाफ किया जन जागरूकता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



डॉ. गणेश दास डी.ए.वी. महिला शिक्षण महाविद्यालय करनाल की प्राचार्या डॉ. राकेश संधू के नेतृत्व में महाविद्यालय ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु बड़े जन-जागरण अभियान का आगाज़ कर दिया है। यह कार्यक्रम आर्य युवा समाज की प्रेरणा से तथा आर्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे से घरौंडा, मंजूरा, गोगरीपुर, दादूपुर सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर हवन, धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियाँ और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्राचार्या डॉ. संधू ने कहा कि यह अभियान महज़ एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नशा मुक्त भारत के प्रति संकल्प है। उन्होंने कहा कि युवा कल का भारत हैं। नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो उन्हें जकड़ रही है। हमें गांवों-शहरों से जुड़कर यह संदेश देना होगा कि भारत तभी समृद्ध होगा जब युवा नशे से मुक्त होंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक वातावरण और संस्कृति आधारित गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा।

## तोड़फोड़ की कार्रवाई के समय पुलिस बल रहा मौजूद

# जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने इंद्री की तीन अवैध कॉलोनियों मे चलाया पीला पंजा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से इंद्री में पनप रही तीन अवैध कॉलोनियों मे पीला पंजा चलाकर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल मौजूद रहा ।

इस दौरान टीम ने सबसे पहले गांव मटक माजरी में मुरादगढ़ रोड पर स्थित अवैध कॉलोनी मे सीवरेज नेटवर्क व सभी कच्ची सडको को ध्वस्त किया । जिसका एरिया लगभग 4 एकड़ था। दूसरी अवैध कॉलोनी गांव इंद्रगढ़ मुरादगढ़ रोड पर स्थित थी। जिसका एरिया लगभग 4 एकड़ था। इस कॉलोनी में सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। तीसरी कार्यवाही इंद्री में कुरुक्षेत्र रोड पर पनप रही अवैध कॉलोनी मे की गई । जिसका एरिया लगभग 1.5 एकड़ था। इस कॉलोनी में सभी कच्ची सडको को ध्वस्त किया गया।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

जिला नगर योजनाकार गुंजन ने बताया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण करने वालों की लगातार एफ.आई.आर. भी दर्ज करवाई जा रही है। इसके अलावा समय-समय पर सभी को सूचित भी किया जा रहा है कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए सभी तरह की कार्रवाई की जा रही हैं व अवैध कॉलोनियों / अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने आम जन से अपील की कि वे डीलरों के जाल में न फंसे और शहर में बनी वैध कॉलोनियों में ही प्लाट खरीद कर अपना घर बनाएं।



इंद्री 1 इंद्री मे पनप रही अवैध कॉलोनियों मे चलता पीला पंजा ।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक नियमों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत यातायात पुलिस ने टोल प्लाजा बस स्टॉप पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों के प्रति जागरूक किया। ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने कहा कि सड़क पर हादसों का बड़ा कारण नियमों की अनदेखी और नशे की अवस्था में वाहन चलाना है। जीवन अनमोल है, सड़क पर नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि रोड पर हमारी जरा सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए हमें यातायात नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने हर एक माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि नाबालिग बच्चों को कोई भी वाहन चलाने के लिए न दें।

### इसराना में कांग्रेसियों ने बैठक की

**पानीपत।** कांग्रेसी नेता पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा को लेकर हलका इसराना में कांग्रेसियों की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज सिंह आर्य व सद्भावना यात्रा का प्रबंधन देख रहे उदयवीर पूनिया ने बताया कि सद्भाव यात्रा 12 और 13 दिसंबर को हलका इसराना क्षेत्र में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में आपसी सदभाव को मजबूत करना, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संगठन को सक्रिय करना है, ताकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाई जा सके।

### किन्नरों को मुख्यधारा में लाया जाएगा

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम वर्षा शर्मा ने बताया कि जिला विधिक प्राधिकरण दिसंबर महीने में मैगा लिगल कैम्प, ड्रग जागरूकता कैम्प तथा किन्नरों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए जागरूकता अभियान आरंभ किया जाएगा। सीजेएम शर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज में चल रही कुरितियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाती है। वहीं, तेरह दिसंबर को चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायिक परिसर व उपमंडल पर भी किया जाएगा। इस लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अपने लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करवाने के लिए केस लगा सकता है, अपने मामलो का रजिस्ट्रेशन तेरह दिसंबर से पहले करवाना होगा।

### जन शिकायतों का जल्द निपटारा करें : गर्ग

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सरकार ने जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं, बैठक की वर्चुअल अध्यक्षता कर रहे हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग) विनीत गर्ग ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### संस्कार पर कार्यक्रम सात को

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-25 स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में सात दिसंबर को संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यअतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा एवं नगर निगम मेयर कोमल सैनी रहेंगे। यह जानकारी बीके अंजना बहन ने दी।

### लेबर कोड के विरोध में प्रदर्शन

**समालखा।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर एआईयूटीयूसी के आह्वान पर समालखा के औद्योगिक मजदूरों ने कारखाना मजदूर यूनियन के नेतृत्व में विरोध सभा व जुलूस का आयोजन किया। केंद्रीय सरकार द्वारा श्रमिक विरोधी व कॉर्पोरेट प्रस्त चार लेबर कोड को अचानक लागू करने की घोषणा के खिलाफ सभा और जुलूस का आयोजन हुआ। वहीं आंदोलन में एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश, एआईकेकेएमएस के नेता ईश्वर दहिया, राजवीर सिंह, अलियास, कारखाना मजदूरी यूनियन के प्रधान शेर सिंह, राममेहर सिंह, राजवीर सिंह आदि ने भाग लिया।

---

### डेरा बाबा जोध सचियार में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर भेंट की

# दिव्यांगों की सेवा करना पुण्य का कार्य : भ्याना

- शिविर में विशेष रूप से जयपुर से आई टीम द्वारा अंगहीन बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, स्टिक सहित अन्य उपकरण निशुल्क भेंट किए

हांसी के विधायक व डेरा बाबा के प्रधान सेवादार विनोद भ्याना ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति द्वारा डेरा बाबा जोध सचियार में तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ हांसी के विधायक व डेरा बाबा के प्रधान सेवादार विनोद भ्याना ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं, शिविर में विशेष रूप से जयपुर से आई टीम द्वारा अंगहीन बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, स्टिक सहित अन्य उपकरण निशुल्क भेंट किए। वहीं, विधायक भ्याना ने कहा कि भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना पुण्य कार्य है। इस अवसर पर पूर्व मेयर अवनीत कौर, डेरा के महासचिव मदन मोहन भ्याना, संदीप कौशिक, पाइट से हरिओम तायल, सुरेश काबरा, राकेश भार्गव, अनिल रोहिल्ला, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह, नादे वाला फाउंडेशन से नरेश सिंगला, राकेश भयाना, कमल भयाना, जसपाल भयाना, यशपाल ग्रोवर, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष अनिल मित्तल, डॉ. दिव्या, राजस्थानी परिवार से पीडी चौधरी, समर सिंह, अमित वर्मा, सुशील गोयल, तिलक सपरा, यतिन, सुनील शर्मा, विसरुत आर्य, नमन, परवीन कुमार व मालती अरोड़ा आदि मौजूद रहे।



डेरा बाबा जोध सचियार में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट करते विधायक व डेरा के प्रधान सेवक विनोद भ्याना आदि। *फोटो : हरिभूमि*

---

## नवजात बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा को आगे आया जॉनसन्स बेबी

- देश भर में दो लाख स्वास्थ्य कर्मियों को बर्थ एस्फिक्सिया से बचाव की ट्रैनिंग दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसेंशियल हेल्थ एंड स्किन हेल्थ और मार्केटिंग उपाध्यक्ष, केनव्यू, भारत, मनोज गाडगिल, बिज़नेस यूनिट हेड ने कहा कि पीढ़ियों से माता-पिता के साथ साझेदारी निभाते रहे ब्रांड, जॉनसंस बेबी ने पिछले सोलह साल से एक प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ संघ द्वारा संचालित नवजात पुनर्जीवन (नियोनेटल रिससिएशन प्रोग्राम-एनआरपी) प्रशिक्षण में सहयोग दे रहा है। स्मरणीय है कि भारत में हर साल 1.2 लाख नवजात शिशु जन्म के चौबीस घंटे के भीतर ही मौत के शिकार हो जाते हैं, जिनमें भारत में जन्म के समय सांस अटकने (बर्थ एस्फिक्सिया) जैसी गंभीर स्थितियां प्रमुख है। वहीं, जॉनसन्स बेबी के निर्माता, नवजात शिशुओं की होने वाली मृत्यु की दर कम करने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात पुनर्जीवन (नियोनेटल रिससिएशन) प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ संघ की मदद कर रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दो लाख से अधिक नर्स, दाई और बाल रोग विशेषज्ञों को ज़रूरी ज्ञान, कौशल और आपातकालीन स्थिति संभालने की तकनीकें सिखाई गई हैं।

## ब्रह्मज्ञान की वर्षा ही मानव के कलुषित हृदय को धो सकती है : भद्रा



**पानीपत।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा आयोजित फतेहपुरी चौक रामलीला ग्राउंड तहसील कैंप में श्रीमद् देवी कथा के चतुर्थ दिवस पर साध्वी भद्रा भारती ने कथा करते हुए बताया कि हमारे वैदिक ऋषियों ने एक सुक्ति दी मनुर्भव मनुर्भव अथार्थ मनुष्य बनो, यह केवल मौखिक उच्चारण से काम नहीं चलेगा वास्तविकता के धरातल पर इस सुक्ति को उतारना होगा। इसके लिए एक एक व्यक्ति को हृदय भूमि पर मानवीय गुणों को रोपना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में लिखा है जो मनन करने की शक्ति से संपन्न है वहीं मनुष्य हैं मनन करने के लिए केवल मात्र ईश्वरीय सत्ता है इसलिए जब मनुष्य सद्गुरु की शरण को प्राप्त करता है अपने भीतर ईश्वर का दर्शन करता है फिर वास्तव में वह मनुष्य बनता है। ब्रह्मज्ञान की वर्षा ही मानव के कलुषित हृदय को धो सकती है, परिवक्ता में सने हुए समाज को स्वच्छ सुंदर और रहने योग्य बना सकती है।

---

## सत्यम स्कूल में विश्व मृदा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल में विश्व मृदा दिवस मनाया और मृदा संरक्षण और सतत भूमि प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के वैश्विक प्रयासों में शामिल हुआ।स्कूल मुख्याध्यापक सत्यवान शर्मा ने कहा कि स्कूल में विश्व मृदा दिवस समारोह का आयोजन पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में मिट्टी के महत्व के बारे में विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण को लेकर पोस्टर बनाए और जनता को प्रकृति का दोहन नहीं करने का संदेश दिया।



**पानीपत।** सत्यम पब्लिक स्कूल में विश्व मृदा दिवस मनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## अच्छे स्वास्थ्य की नींव है स्वच्छता : डॉ. मलिक



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक, मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों को स्वच्छता किट बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा राइट साइड स्टोरी और प्रॉक्टर एंड गैंबल के सहयोग से यूथ वैलनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हैं और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उप प्राचार्या डॉक्टर किरण मदन ने कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखने से बीमारियों का जोखिम कम होता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था संवेदनशील पड़ाव है और सही जानकारी से ही युवा अपनी रक्षा कर सकते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की नींव स्वच्छता है। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देना होता है जिससे कि हमारे युवा विद्यार्थी देश के विकास में सहयोग कर सके। कार्यकम में लड़कियों के लिए व्हिस्पर हाइजीन किट और लड़कों के लिए जिलेट गार्ड किट (रेज़र) वितरित किए गए।

**जानकारी दी**

इस अवसर पर अजय पाल सिंह, प्रो माधवी, डॉ. ज्योति, राइट साइड स्टोरी की ओर से प्रमोटर सोनिया और प्रमोटर योगेश ने विद्यार्थियों को स्वच्छता उत्पादों के उपयोग और सही स्वस्थ आदतों को अपनाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में 400 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

---

## हरियाणा का यूनिटी मार्च में गौरवपूर्ण योगदान रहा

**पानीपत।** जयपुर से स्टैचू ऑफ़ यूनिटी तक आयोजित ऐतिहासिक 'यूनिटी मार्च' में हरियाणा प्रदेश के 54 प्रतिभागियों ने सक्रिय और गर्वपूर्ण सहभागिता की। वहीं, पानीपत से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित पंडित, प्रदेश आईटी प्रभारी एवं सह-संयोजक सुनील कपूर, गुरुदत्त सैनी टीम ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए युवा शक्ति और संगठनात्मक नेतृत्व का उत्कृष्ट परिचय दिया। वहीं, यात्रा से लौटने के उपरांत पानीपत के जिला अध्यक्ष दुश्यंत भट्ट द्वारा सभी प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल उनके समर्पण की सराहना है, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका को और सशक्त बनाता है।



**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष 'यूनिटी मार्च' में भाग लेने वाले भाजपाइयों को सम्मानित करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**



पानीपत। किसान भवन में प्रेस वार्ता करते हुए भाकियू पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

## बाढ़ पीड़ित किसानों को मुआवजा दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान दिलबाग बिंझौल ने कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर जिलाभर के किसान पंद्रह दिसंबर को जिला सचिवालय के सामने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। वहीं, भाकियू के उपप्रधान अनिल कादियान व युवा जिला प्रधान बिंटू मलिक उग्राखेडी ने कहा कि वर्षा बाढ़ में खराब हुई फसलों के मालिक किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड मुआवजा दिया जाए। वहीं, पानीपत जिला के गन्ना किसानों की 2017-18 के सीजन की उत्तराखंड के इकबालपुर शुगर मिल में करीब 34 करोड़ रुपये की गन्ने की पेंमेंट कराने की मांग की। उन्होंने सरकार ने किसानों के ट्रैक्टरों के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण की फीस व लाइसेंस पूर्व स्थिति में रखने की, कृषि क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति दिन में करने की मांग की।

इस अवसर पर चतुरभुज बुडशाम, मनोज जागलान नौल्था, शमशेर पूनिया डिडवाडी, मनदीप बिंझौल, विष्णु सहरावत पलडी व आजाद मलिक रिसालु आदि मौजूद रहे।

## नशा इंसान के जीवन को अंधकारमय कर देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी ने कहा कि नशा संपूर्ण समाज के लिए एक बड़ी समस्या है। नशे की समाप्ति के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर प्रयास करना चाहिए। वहीं नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी एएसआई जगपाल सिंह ने गांव राक्सेडा व गांव बसाड़ा में जाकर डोर टू डोर अवेयरनेस प्रोग्राम करके सभी गांव वासियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। गांव के सभी व्यक्तियों को साइबर क्राइम बारे, ट्रैफिक नियमो बारे व डोंकी द्वारा विदेश नहीं जाने बारे जागरूक किया गया। वहीं, ये अभियान डीएसपी नरेंद्र कादियान की देख रेख में चलाया जा रहा है।



**पानीपत।** गांव राक्सेहडा के ग्रामीणों को नशे के विरूद्ध शपथ दिलवाते हुए एएसआई जगपाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

---

### पाइट में फार्मेसी पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन

# शोध व रोगी सेवा के बीच सेतु है फार्मासिस्ट: गोयल

- इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थान अगर एक होकर काम करेंगे तो रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

फार्मासिस्ट केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है। वह शोध, रोगी सेवा के बीच महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभा रहा है। यह बात हरियाणा स्टेट ड्रग कंट्रोलर ललित गोयल ने कही। गोयल यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में बोल रहे थे। वहीं, आइपीसी के निदेशक डॉ.वी कलइसलवन ने कहा कि इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थान अगर एक होकर काम करेंगे तो रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। कार्यक्रम में यूएसए की तेवा फार्मासुटिकल कंपनी के निदेशक डॉ.टीजी अशोक, डीपीएसआरयू से डॉ.शरद वाकोदे, प्रणव फार्मासुटिकल साइंस एंड रिसर्च ग्वालियर से डॉ.घननचंद्रन, ड्रग कंट्रोलर आफिसर डॉ.सुरेश वर्मा, एपीएसई के अध्यक्ष एवं पूर्व डीन डॉ.मिलिंद पारले व ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. ऋषि कुमार, सेन डियागो से डॉ.कीर्ति ने फार्मासिस्ट की भूमिका और शोध पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में ग्लैनमार्क से तुनीष सोनी, एडसिला ऑर्गेनिक से विकास परुथी, स्वीस बायोटेक से संजीव मेहता, मेडोक्स से रोहित गुप्ता, आयुर्वेदिक ड्रग मैनुफेक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुप भारद्वाज, नोर्थ इंडिया ग्रुप से डॉ.रवील, ओनिका ऑर्गेनिक्स से अभिषेक गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ.गौरव अग्रवाल ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया।




**पानीपत।** पाइट में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में अतिथियों का स्वागत करते हुए चेयरमैन हरिओम तायल। **फोटो : हरिभूमि**

### रिटायर्ड कर्मी संघ ने बैठक की

**पानीपत।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक सीटू कार्यालय में जिला प्रधान शीशपाल मलिक के नेतृत्व में हुई। बैठक में सतवीर चालिया, बलवान सिंह नांदल, प्रीतम रावल, जयप्रकाश शास्त्री, बलराज सिंह व कृपाल सिंह, जिला वरिष्ठ उप प्रधान ईश्वर शर्मा, ब्लॉक प्रधान जय भगवान सैनी, सीताराम, कृष्ण गाहल्याण, राजेंद्र रोहिल्ला, राकेश, कृष्ण, ओमप्रकाश, दिलावर, रामभज, रामपाल कुंडू, सुल्तान देशवाल, ईश्वर, मोहर सिंह आदि ने भाग लिया।

### मनाना में पेयजल संकट

**समालखा।** गांव मनाना में गत सप्ताह से पीने के पानी की गंभीर किल्लत बनी हुई है। पब्लिक हेल्थ विभाग के दो नलकूप जो जोहड़ के पास स्थित हैं, खराब हो जाने के कारण गांव की आधे से ज्यादा आबादी पानी के अभाव से जूझ रही है।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल के मटेहडी नडियाली कट के पास से नशा तस्करी मामले में आरोपी जगजीत उर्फ जग्गी को 7 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। 4 दिसंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने आरोपी को काबू करने के लिए नाकाबंदी की थी। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 7 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### आमजन को बताए नशे से होने वाले दुष्प्रभाव

**अंबाला।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, यातायात के नियमों, महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों व साइबर अपराध बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रबंधक थाना नारायणगढ़ व पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र ब्लयू हैवन पब्लिक स्कूल गांव भूरेवाला में छात्रों व तंदवाल व बस स्टैंड शहजादपुर में आमजन को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलाने बारे जानकारी दी।

### 31 दिसंबर तक चलने वाले "आवारा पशु पुनर्वास महाअभियान" की तैयारियां पूरी

# जन-जीवन के साथ गोसंरक्षण व सड़क सुरक्षा को नई दिशा देने की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

उपमंडल में आवारा पशुओं से बढ़ती समस्या और उनसे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। इसी कड़ी में लघु सचिवालय में उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी 31 दिसंबर तक चलने वाले "आवारा पशु पुनर्वास महाअभियान" की रूपरेखा और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में पशुपालन विभाग के एसडीओ सतिंद्र पाल सिंह, नगर पालिका सचिव मोहित सैनी, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुशील मंगला, विभिन्न गोशालाओं के प्रधानों समेत स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सड़कों से हटेंगे आवारा पशुः बैठक में यह बताया गया कि उपमंडल में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है। शाम और रात के समय हाईवे तथा मुख्य सड़कों पर खड़े पशु कई बार गंभीर हादसों का कारण बन जाते हैं। बाजारों में जाम, स्कूलों के बाहर भीड़, और मोहल्लों में बच्चों व बुजुर्गों के लिए खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इस महाअभियान के तहत इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करते आवारा पशुओं को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे बराड़ा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों को एक बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में तय किया गया कि अभियान की गति बढ़ाने के लिए आज से ही आवारा पशु पकड़ने और पुनर्वास का कार्य शुरू कर दिया गया है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्य करें। किसी भी स्तर पर समन्वय में कमी न रहे। अभियान का हर चरण त्वरित कार्रवाई और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो अभियान में पकड़े गए सभी पशुओं की ईयर टैगिंग अनिवार्य होगी, ताकि भविष्य में पहचान और निगरानी में आसानी रहे। प्रतिदिन पकड़े/पुनर्वासित किए गए पशुओं की संख्या, पशु का स्थान, टैग नंबर और किस गोशाला में स्थानांतरित किया गया इन सभी विवरणों को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा। साथ ही दैनिक रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से निदेशालय को भेजनी होगी। रिपोर्टिंग में किसी भी लापरवाही को गंभीर माना जाएगा।


बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

#### रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें

*सभी गौशालाओं का होगा निरीक्षण इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्रों की सभी गौशालाओं का भौतिक सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। अभियान से आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। शहर व गांवों में यातायात सुचारू और सुरक्षित होगा। किसानों को आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान को झेलना नहीं पड़ेगा। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सुरक्षा मिलेगी, गौशालाओं को व्यवस्थित रूप से पशु प्राप्त होंगे।*

#### एकजुट होकर कार्य करें

उपमंडल अधिकारी सतीन्द्र सिवाच ने कहा कि प्रशासन बराड़ा को आवारा पशुओं से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि "यह सिर्फ सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जन-हित के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है। जनता, विभाग और गौशालाएं एकजुट होकर कार्य करें, यही हमारा लक्ष्य है,"।


शहजादपुर। शपथ लेते एनसीसी के छात्र।

# कैडेट्स ने सेना ध्वज को सम्मान के साथ फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार की अध्यक्षता एवं कार्यकारी प्राचार्य डॉ देवेंद्र ढींगरा की उपस्थिति में महाविद्यालय एनसीसी यूनिट ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस को हर्षोउल्लास से मनाया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय एनसीसी यूनिट के कैडेट्स ने सेना ध्वज को सम्मान के साथ फहराया एवं भारत की संप्रभुता एवं एकता को बनाए रखने के लिए अनुशासन में रहने ओर देश का जिम्मेवार नागरिक बनने की शपथ ग्रहण की। वहीं महाविद्यालय एन सी सी यूनिट के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सतीश कुमार की देख रेख में अंडर ऑफिसर कैडेट खुशी ने दस दिवसीय आर्मी अटैचमेंट कैंप स्काउट एंड गाइड एवं कैडेट हरप्रीत एवं पुनीत ने आरडीसी ड्रिल कैंप एनसीसी अकादमी रूपनगर में भाग लिया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सतीश कुमार ने कहा कि इस तरह के शिविर कैडेट्स को सभी ट्रेनिंग एक्टिविटी में सक्रिय हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करते है। इन शिविरों में इस बात पर जोर दिया जाता है कि एनसीसी जिम्मेदार, कॉन्फिडेंट और सर्विस-ओरिएंटेड नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर नेतृत्व क्षमता को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार, प्रो. सुभाष कुमार एवं प्रो. अनिल सैनी उपस्थित रहे।

# क्रॉस कंट्री रेस में भारती ने सिलवर मेडल प्राप्त किया

- भिवानी में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

भिवानी में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता 2025-26 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ की कक्षा 12वीं की छात्रा भारती ने हरियाणा टीम की ओर से क्रॉस कंट्री (4 किमी) टीम इवेंट में भाग लेकर सिल्वर मेडल हासिल किया। भारती ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, लगन और कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त करते हुए न केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया। उनकी इस सफलता ने भारतीय खेल संस्कृति के महत्व को और सशक्त बनाया है। साथ ही भविष्य के उभरते खिलाड़ियों को प्रेरित किया है। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त की। भारती अब विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुकी हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने भारती को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारती भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करती रहेंगी।


बराड़ा। विजेता भारती खिलाड़ी स्कूल स्टाफ के साथ।

### छह दिन के रिमांड के बाद कोर्ट ने आरोपितों को जेल भेजा

# महिलाओं को ठगने वाले आरोपितों से 1.20 लाख की नकदी बरामद

- महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पकड़े गए आरोपी विक्रमजीत व उनकी पत्नी पूजा को आर्थिक अपराध शाखा ने 6 दिन के रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी दंपती से 1.20 लाख नकद व बुलेट बरामद किया है। करीब 2.60 लाख कीमत का बुलेट पूजा के पति विक्रम के नाम पर था। केसरी की कुलवंती की शिकायत पर कार्रवाई करते पंजोखरा पुलिस ने 13 नवंबर को जटवाड़ की पूजा, पूजा के पति विक्रम, देवर योगेश,ससुर राजकुमार को साजिशन धोखाधड़ी एवं विश्वासघात की धाराओं में केस दर्ज किया था। दंपती व उसके परिजनों पर आरोप है कि उन्होंने लोन का केस तैयार करने के नाम पर पैसा भी लिया। इसके बाद दूसरी महिलाओं को साथ जोड़ने के लिए लोन कराने वाली महिलाओं को कमीशन का लालच दिया था।

#### झंडा दिवस मनाया

**अंबाला।** जिला सैनिक बोर्ड द्वारा शुक्रवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह सेखावत के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के तहत बैज लगाकर मनाया गया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं।

# भौतिक संसार में निष्काम सेवा से आत्म शक्ति का विकास : सज्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा निष्काम कर्म का आयोजन सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा के आवास पर किया गया। मिलन समारोह में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, संघ संचालक प्रदीप खेड़ा, ओंकार , ऋषि मलिक, अनुभव अग्रवाल के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। ट्रस्ट के उपदेशक सज्जन द्वारा निष्काम सेवा का महत्व बताते हुए बताया गया कि भौतिक संसार में निष्काम सेवा से आत्म शक्ति का बोध एंव विकास होता है। आत्म बोध से ही मानव इस कलयुगी नकारात्मकता से बाहर आ सकते हैं। निष्काम कर्म से ही आपसी सदभावना, प्रेम व सहयोग का वातावरण बना सकते हैं। इसी समभाव एवं आत्मिक ज्ञान को प्राप्त करने के लिए सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा लक्ष्मीनगर में एक पाठशाला भी खोली जा रही है। सज्जन सिंह का इस मौके पर सभी ने आशीर्वाद भी लिया। अवसर पर मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, संजीव गोयल टोनी, हितेष जैन, सरदूल सिंह, गुरप्रीत सिंह, फकीरचंद, गुरप्रीत शाना भी मौजूद रहे।


अंबाला। उपदेशक का आशीर्वाद लेते पूर्व राज्यमंत्री असम गोयल व अन्य।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी कप्तान सिंह उर्फ ताना को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया है। परिवादी सुरेंद्र कुमार ने 5 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 मई 2024 से 10 जून 2024 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे 52 लाख 59 हजार रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# गाली-गलौज के बाद मारपीट की चौकी में खड़ी कार भी तोड़ डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

यूज गाली गलौज के बाद रंजिशन युवकों ने अचानक हमला कर नई कार को तोड़ दिया। कार पुलिस चौकी में खड़ी थी। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। फडौली गांव के भजन लाल ने बताया कि 4 दिसंबर को सुबह के समय फडौली गांव के ही संदीप सिंह उर्फ शंटी ने भतीजे की कार रोककर पहले गली गलौज फिर मारपीट की । भजन लाल से बताया कि दिन के समय आरोपियों ने गाली गलौज व मारपीट की थी। पीड़ित अभी नई कार लेकर मोहड़ा चौकी में शिकायत दर्ज करवाने पहुंचा तो दो बदमाशों ने चौकी परिसर में खड़ी नई कार पर तोड़फोड़ शुरू कर दी। डंडों से लैस बदमाश कार तोड़ने के बाद ललकारे मारते हुए मौके से फरार हो गए। लेकिन पुलिस उन्हें काबू नहीं कर पाई। ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। भजन लाल की शिकायत पर हमलावर फडौली गांव के सोनू व बब्ला पर केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। पड़ाव थाना प्रभारी धर्मबीर का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

#### रंजिशन हमला

भजन लाल ने बताया कि 4 दिसंबर को सुबह के समय फडौली गांव निवासी ही संदीप सिंह उर्फ शंटी ने भतीजे की कार रोककर गली गलौज व मारपीट की थी। इस कारण आरोपी उनके परिवार के रंजिश रखे हुए था। शाम के समय वह अपनी नई बार वेन्यू खरीदकर एजेंसी से दुखेड़ी माड की तरफ जा रहा था कि अचानक गांव के ही दो युवक सोनू व बब्ला ने अपनी कार आगे लगाकर रास्ता रोक लिया। इतने में उतरे ही थे कि आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते थप्पड़ मारकर धमकाते हुए भाग गए। वह मोहड़ा पुलिस चौकी में पहुंच गया व परिवार के लोगों को भी बुला लिया। अभी वह बात ही कर रहे थे कि आरोपियों ने हाथों में डंडे व बिंडे लेकर चौकी में खड़ी कार के शीशे व साइड में मारकर तोड़फोड़ शुरू कर दी।

### 100 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन कल

**बराड़ा।** नशा मुक्त राष्ट्र अभियान के तहत डीएवी द्वारा कल 7 दिसंबर रविवार को माता बाला सुंदरी मंदिर परिसर में 100 कुंडीय महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य समाज से नशा रूपी बुराई को समाप्त करने का संकल्प लेना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों, अभिभावकों, प्रशासन व मंदिर कमेटी से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की। प्राचार्या ने कहा कि यह आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएगा और सभी को नशा मुक्त राष्ट्र के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी से इस पवित्र यज्ञ में शामिल होने का आग्रह किया।

# जीआरपी ने कैंट रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर लगे कैमरे जांचे

- आरोपी बुकिंग सुपरवाइजर के संबंध में सह कर्मचारियों से भी पूछताछ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जाली नोट से जुड़े मामले की जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है। जीआरपी ने कैंट रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर लगे कैमरों की फुटेज को खंगाला है। हीं आरोपी बुकिंग सुपरवाइजर के संबंध में सह कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। इस मामले को लेकर अब जीआरपी की टीम शिकायतकर्ता श्रमिकों से भी पूछताछ करेगी ताकि मामले से जुड़ी पूरी सच्चाई सामने आ सके। इसके लिए भी जीआरपी ने शिकायतकर्ताओं के साथ संपर्क साध लिया है। जीआरपी ने मामले से जुड़े सबूतों सहित जाली नोटों के खुर्द-बुर्द होने का अंदेशा जताया है क्योंकि मामले की जानकारी जीआरपी को 15 घंटे बाद दी गई थी। ऐसे में आरोपी बुकिंग सुपरवाइजर को काफी समय मिल गया ताकि वो अन्य जाली नोटों को छिपा सके या फिर सबूत मिटा सके, हालांकि जांच टीम का कहना है कि यह मामला जाली नोटों के गिरोह से जुड़ा है या फिर आरोपी कर्मचारी अपने स्तर पर जाली नोट बनाने का काम कर रहा था।यह जांच में स्पष्ट होगा। जाली नोट का मामला सोमवार रात को सुर्खियों में आया था। जब हिमाचल से बिहार जाने के लिए कुछ श्रमिक अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर आए थे। यहां अनारक्षित टिकट केंद्र पर तैनात बुकिंग सुपरवाइजर देवेंद्र यादव ने चार श्रमिकों को असली नोट लेकर जाली वापिस कर दिए। जब मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो आनन-फानन संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया और उसे सीट से हटा दिया गया।

# नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाना और नशामुक्त समाज निर्माण का उद्देश्य

- जागरूकता शिविर, सेमिनार और प्रतिज्ञा कार्यक्रमों के माध्यम से चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, सीजेएम प्रवीण ने नशा विरोधी जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। अभियान 6 जनवरी 2026 तक जिला स्तर पर चलेगा। यह अभियान नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाने और नशामुक्त समाज निर्माण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में पैनल के अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलंटियर की ड्यूटी लगाई है। अभियान का उद्देश्ययह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता शिविर, सेमिनार और प्रतिज्ञा कार्यक्रमों के माध्यम से चलेगा। न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि नशे के खिलाफ कानूनी सहायता, पुनर्वास सुविधाओं और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। राज्य स्तर पर नालसा (डॉन) योजना के तहत ऐसे प्रयास तेज किए गए हैं। इस अभियान के तहत प्रमुख गतिविधियां स्कूलों में छात्रों के लिए विशेष सत्र और निबंध प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। पंचायतों और एनजीओ के सहयोग से गांव स्तर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जगह जगह जागरूकता फैलाई जाएगी।

#### अभियान 6 जनवरी तक जिला स्तर पर चलेगा

#### हेल्पलाइन नंबर जारी

इस अभियान में सोशल मीडिया, फेसबुक, यू ट्यूब, न्यूज चैनल, पोस्टर, स्लोगन तथा हर प्रकार के माध्यम से लोगों तक जागरूकता जानकारी दी जा रही है । डीएलएसए के सचिव ने कहा कि यह अभियान नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को भी बढ़ावा देगा तथा इस अभियान में स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी शामिल किया गया है। सचिव प्रवीण ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ इस अभियान में जुडने के लिए या अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9991112660, तथा 01722532142 पर संपर्क कर सकते है।

**कार्यक्रम** | अंबेड़कर चेरिटेबल फाउंडेशन ने किया शिविर का आयोजन

# बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर पचास युवाओं ने किया रक्तदान

सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए

- अमर सिंह नंदगढ़ ने कहा की रक्तदान से बढ़कर अन्य कोई दान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर के 70 वें महा परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष में अंबेड़कर चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन में फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट संजीव कुमार जौली व एचडीएफसी ब्रांच के अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। रक्त दान शिविर में 50 यूनिट के लगभग ब्लड एकत्रित हुआ। शिविर का शुभारंभ हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ के द्वारा बतौर मुख्य अतिथि किया गया। इस अवसर पर अमर सिंह नंदगढ़ ने कहा की रक्तदान से बढ़कर अन्य कोई दान नहीं है। सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए और सामाजिक कार्य में भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों, बैंक व सिविल अस्पताल की टीम व रक्त दाताओ की सराहना की। फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट संजीव कुमार जौली ने कहा कि रक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने के लिए काम आता है। उन्होंने कहा कि जनहित में इस तरह के रक्तदान शिवर भविष्य में भी लगाये जाएंगे ताकि जरूरत मंद की जान बच सके। रक्तदान के बाद अंबेड़कर चेरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा रक्तदाताओं को जलपान और रक्तदान प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।



शिविर में रक्तदान करने वाले युवा का हौसला बढ़ाते आयोजक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. राकेश सैनी, संजीव पंजलासा, कर्मजीत मिर्जापुर, शिशपाल पंजलासा, एडवोकेट गुरदीप सिंह लालपुर, विकास कुमार, वरुण गोयल, राहुल, मनीष कुमार, सचिन ने भी रक्त दान शिविर में शिरकत की।